भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1498**
**उत्तर देने की तारीख-09/02/2026**

**एआई आधारित अधिगम पहलों का कार्यान्वयन**

†1498. **श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान टीएआरए (टेक्नोलॉजी-एडेड रीडिंग असेसमेंट) ऐप और माई करियर एडवाइजर ऐप सहित एआई आधारित डिजिटल अधिगम पहलों के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है और इसमें शामिल किए गए छात्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;
(ख) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इन पहलों के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई;
(ग) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान टीएआरए ऐप और माई करियर एडवाइजर ऐप की तैनाती का ब्यौरा क्या है और ओडिशा राज्य सहित देश में लाभान्वित हुए स्कूलों, संस्थानों और छात्रों की संख्या कितनी है; और
(घ) क्या इन पहलों को ओडिशा के पिछड़े और ग्रामीण जिलों, विशेषकर बोलांगीर लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों तक विस्तारित किया गया है और यदि हां, तो इसमें कितनी कवरेज है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (घ): तारा (टीचर्स' असिस्टेंट फॉर रीडिंग असेसमेंट) एक एआई संचालित उपकरण है, जो मौखिक पठन प्रवाह (ओआरएफ़) के आकलन हेतु विश्वसनीय और विस्तार योग्य डिजिटल समाधान विकसित और लागू करने के लिए बनाया गया है, जो मूल साक्षरता का एक महत्वपूर्ण घटक है। तारा ऐप ऑडियो सिग्नल विश्लेषण का उपयोग करके मौखिक पठन में शब्दों को सही ढंग से पहचानने की क्षमता, गति और अभिव्यक्ति से जुड़ी विशेषताओं को मापता है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने प्रौद्योगिकी-सहायता प्राप्त पठन मूल्यांकन (तारा) ऐप, जो एक एआई-आधारित डिजिटल शिक्षण पहल है, के लिए भारतीय

प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान तारा ऐप को लागू किया है। केविसं की शैक्षणिक पहल के भाग के रूप में ओडिशा के पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्र तथा बोलांगीर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के केवी सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों की हिंदी और अंग्रेज़ी में बुनियादी पठन कौशल का आकलन करने के लिए तारा ऐप का उपयोग किया जा रहा है। लागू की गई है, जिनमें अब तक, सभी 1289 केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा 3 से 8 तक के कुल 704210 छात्रों का मूल्यांकन तारा ऐप के माध्यम से किया गया है। इनमें से लगभग 34000 छात्रों का परीक्षण ओडिशा में किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में, केवीएस ने मौखिक पठन मूल्यांकन (ओआरएफ़) को तारा ऐप के माध्यम से संचालन और विश्लेषण करने के लिए 2447048/- रूपए प्लस 18% जीएसटी का प्रावधान किया है।

माय करियर एडवाइज़र ऐप (एमसीए) एक एआई-सक्षम डिजिटल करियर मार्गदर्शन और परामर्श मंच है, जिसे 29 जुलाई 2025 को छात्रों को सूचित करियर निर्णय लेने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया। इस एप्लिकेशन को पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), भोपाल, एनसीईआरटी और वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से विकसित किया गया है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है, जो समग्र, एकीकृत और भविष्य-उन्मुख शिक्षा पर बल देती है।

माय करियर एडवाइज़र ऐप पर एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को कौशल भवन, नई दिल्ली में पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), भोपाल द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अधिकारी,एससीईआरटी प्रतिनिधि, व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े कार्यकर्ता और अन्य प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, कार्यात्मक अभिमुखीकरण प्रदान करना और छात्रों के करियर मार्गदर्शन हेतु ऐप की एआई-सक्षम विशेषताओं का प्रत्यक्ष प्रदर्शन करना था। व्यापक प्रसार और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, विशेषकर भारत के पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों के शैक्षणिक संस्थानों में, जिनमें ओडिशा के प्रतिभागी भी शामिल थे, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों (एससीईआरटी) से अनुरोध किया गया है कि वे इसी विषय पर राज्य-स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन करें। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य शिक्षकों, परामर्शदाताओं और अन्य हितधारकों को आवश्यक समझ और कौशल प्रदान करना है ताकि वे छात्रों का प्रभावी मार्गदर्शन कर सकें।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) संबलपुर में एआई बूटकैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें ओडिशा राज्य बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने वाले 30 छात्र और 04 शिक्षक शामिल हुए। इनमें शैक्षिक रूप से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों के अभ्यर्थी भी सम्मिलित थे। इस पहल का उद्देश्य सूचना की खाई को पाटना और वंचित क्षेत्रों के छात्रों के लिए एआई-आधारित करियर मार्गदर्शन उपकरणों तक समान पहुंच सुनिश्चित करना था।

राज्य-स्तरीय प्रशिक्षण सत्र नौ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों गोवा, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नागालैंड, तेलंगाना, गुजरात, हरियाणा, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में आयोजित किए गए हैं। वर्तमान तिथि तक एमसीए प्लेटफ़ॉर्म पर 1.46 लाख से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं, जो इस ऐप से लाभान्वित हो रहे हैं, जिसका विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

****

**अनुलग्नक**

**'एआई-आधारित अधिगम पहलों का कार्यान्वयन' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव द्वारा दिनांक 09.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1498 के भाग 'क' से 'घ' के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

---

**माई करियर एडवाइजर (एमसीए) ऐप पर नामांकन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र. सं | राज्य | नामांकन | पैशन टैगिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब | 44750 | 29881 |
| 2 | चंडीगढ़ | 16345 | 10738 |
| 3 | मध्य प्रदेश | 9166 | 6295 |
| 4 | राजस्थान | 8477 | 5761 |
| 5 | हिमाचल प्रदेश | 8168 | 4258 |
| 6 | उत्तर प्रदेश | 6567 | 4715 |
| 7 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5395 | 3454 |
| 8 | गुजरात | 5214 | 3239 |
| 9 | हरियाणा | 5169 | 3676 |
| 10 | महाराष्ट्र | 4849 | 3506 |
| 11 | दिल्ली | 4459 | 3213 |
| 12 | छत्तीसगढ | 3574 | 2177 |
| 13 | आंध्र प्रदेश | 3506 | 2132 |
| 14 | तमिलनाडु | 3017 | 2362 |
| 15 | ओडिशा | 2423 | 1275 |
| 16 | तेलंगाना | 2170 | 1601 |
| 17 | कर्नाटक | 1991 | 1642 |
| 18 | असम | 1467 | 952 |
| 19 | बिहार | 1425 | 1110 |
| 20 | जम्मू और कश्मीर | 1363 | 883 |
| 21 | उत्तराखंड | 1735 | 1195 |
| 22 | त्रिपुरा | 1002 | 654 |
| 23 | पश्चिम बंगाल | 749 | 581 |
| 24 | केरल | 737 | 561 |
| 25 | झारखंड | 612 | 474 |
| 26 | पुदुचेरी | 403 | 290 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 371 | 306 |
| 28 | नागालैंड | 254 | 190 |
| 29 | अरुणाचल प्रदेश | 247 | 203 |
| 30 | गोवा | 178 | 134 |
| 31 | मणिपुर | 126 | 81 |
| 32 | मेघालय | 68 | 44 |
| 33 | सिक्किम | 35 | 27 |
| 34 | मिजोरम | 24 | 16 |
| 35 | लद्दाख | 19 | 13 |
| 36 | लक्षद्वीप | 6 | 5 |
| | **कुल** | **146061** | **97644** |

*****